दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com





वर्ष :- 02 अंक :- 343 मुरादाबाद, 14 April 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


# उमेश की हत्या के 48 दिन बाद अतीक का बेटा असद झांसी में एनकाउंटर में ढेर, शूटर गुलाम भी मारा गया

माफिया अतीक अहमद के बेटा असद और गुलाम को झांसी में यूपी एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया है। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। उमेश पाल को 24 फरवरी 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। तब से आरोपी फरार थे।उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम अहमद का एनकाउंटर किया गया है। यूपी एसटीएफ ने यह कार्रवाई झांसी में की है। उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख के इनामी असद और शूटर गुलाम का एनकाउंटर कर दिया गया है। प्रयागराज एसटीएफ की टीम ने दोनों को झांसी में मार गिराया। उमेश पाल की हत्या के बाद से पांचों शूटर फरार थे। इनमें से असद और गुलाम को आज एसटीएफ ने मार गिराया। जबकि पुलिस ने घटना के चार दिन बाद एनकाउंटर में अरबाज को मार गिराया। छह मार्च को उस्मान उर्फ विजय को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। उमेश पाल को 24 फरवरी 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। अतीक अहमद का बेटा असद समेत छह शूटर गोली और बम मारते हुए सीसीटीवी में दिखे थे। अगले दिन उमेश की पत्नी ने अतीक, अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटे, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उस्मान उर्फ विजय चौधरी को पहले ही एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपहर झांसी में असद और गुलाम के होने की सूचना पर टीम ने घेराबंदी की। दोनों ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में दोनों ढेर हो गए। उनके पास से विदेशी पिस्टल मिली है। असद अहमद पर एक मुकदम था और पांच लाख का इनाम था। गुलाम पर छह मुकदमे थे और पांच लाख का इनाम था।



उमेश पाल की पत्नी जया ने कहा कि इंसाफ की शुरुआत हो गई है। जो हुआ अच्छा हुआ। उन्होंने कहा कि आज दिल को सुकून मिला है। अतीक का भी हो एनकाउंटर तब होगा असली न्याय मिलेगा। एनकाउंटर से बहुत सुकून मिला है- शांतिपाल

## अतीक अहमद के तीसरे नंबर का बेटा था असद

झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारा गया असद अहमद के तीसरे नंबर का बेटा था। बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है। दूसरे नंबर का अली नैनी जेल में है। चौथे और पांचवे नंबर के नाबालिग बेटे बाल सुधार गृह राजरूपपुर में हैं।

## असद ने ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर से झोंका था पुलिस टीम पर फायर

एसटीएफ ने असद के पास से अत्याधुनिक ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर बरामद की है। यह अत्याधुनिक विदेशी पिस्टल है। एक राउंड में 12 फायर इस पिस्टल से किए जा सकते हैं। असद ने इसी पिस्टल से एसटीएफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसके जवाबी कार्रवाई में असद मारा गया। वहीं, उसके साथी गुलाम के पास वाल्थर पी 88 पिस्टल थी। यह भी अत्याधुनिक स्वचालित विदेशी पिस्टल है मकसूद ने भी 12 राउंड फायर किए थे। एसटीएफ टीम में 2 कमांडो भी मौजूद थे। उनके पास स्वचालित हथियार थे। कमांडो ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें असद और गुलाम ढेर हो गए। दोनों के शव पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी राजेश एस समेत अन्य मौके पर पहुंच गए।

## यह यूपी पुलिस और STF के लिए ज़रूरी केस था- अमिताभ

अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर यूपी स्ञ्रस्त्र के,ष्ठत्र अमिताभ यश ने कहा कि यह यूपी पुलिस और स्ञ्रस्त्र के लिए ज़रूरी केस था क्योंकि एक केस में एक मुख्य गवाह जिसे यूपी पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की थी उसकी हत्या कर दी गई थी। इस केस में आज दो शूटर को एनकाउंटर में मारा गया। इनके पास से परिष्कृत विदेशी हथियार मिले।

## हत्यारों को सजा मिलना तय था- केशव प्रसाद मौर्य

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केपी मौर्य ने पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद और सहयोगी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यूपी एसटीएफ को बधाई दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हत्यारों को सजा मिलना तय था। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ अपराधी जैसा व्यहवार होना चाहिए। उमेश पाल की मां शांतिपाल ने कहा कि हम तो पहले से मांग कर रहे थे कि उनका एनकाउंटर किया जाए। योगी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो उनका एनकाउंटर किया गया। पुलिस ने अपना फर्ज अदा किया है जो उन्हें करना चाहिए था। जो भी हुआ है वह कानूनी आधार पर फैसला हुआ है। यह लोग इतने दिन से भागदौड़ कर रहे थे। पुलिस ने उनको अंजाम तक पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री जी का बहुत आभार है, बहुत अच्छा फैसला किया है मेरी आत्मा को संतुष्टि मिली है। इन्होंने मेरे बेटे और उसके पीछे बैठे गनर को गोलियां मारी थीं। आज एनकाउंटर से बहुत सुकून मिला है।

## सीएम योगी ने एसटीएफ को दी बधाई

उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहा माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अधिकारियों की तारीफ की और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री योगी ने यूपीएसटीएफ के साथ, यूपी डीजीपी, स्पेशल डीजी और पूरी पुलिस टीम की सराहना की। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस एनकाउंटर की जानकारी मुख्यमंत्री योगी को दी। इस पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी को सौंप दी गई है।

# अखिलेश यादव बोले- झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है



उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपित माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद को यूपी एसटीएफ ने झांसी में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। असद के साथ उसका साथी गुलाम भी एनकाउंटर में मारा गया है। दोनों प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में वांछित थे और प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। इस दौरान पुलिस ने अत्याधुनिक विदेशी हथियार बरामद किए हैं।

## अखिलेश बोले- झूठा है एनकाउंटर

वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट कर एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने अपने ट्वीट में लिखा है कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आजके व हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जाँच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फ़ैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है।अखिलेश ने लिखा है कि भाजपा भाईचारे के ख़िलाफ़ है।

## 24 फरवरी को हुई थी वारदात

24 फरवरी को सुलेम सराय में जीटी रोड पर अधिवक्ता उमेश पाल और दो सरकारी गनर पर अतीक अहमद के बेटे असद, गुलाम, साबिर, अरमान और विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने ताबड़तोड़ गोली चलाई थी। तथा गुड्डू मुस्लिम ने बम मारे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद इसमें अतीक के बेटे के शामिल होने की बात सामने आई।






# माँझी ने की अमित शाह से मुलाकात, NDA में जाने पर बोले- सवाल ही नहीं उठता, नीतीश के साथ रहने की खाई कसम

पटना- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात (Jitan Ram Manjhi Amit Shah Meet) की। दोनों की मुलाकात को लेकर बिहार में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। वहीं, मुलाकात के बाद मांझी ने कहा कि एनडीए में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता है।पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अमित शाह से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मैंने नीतीश कुमार के साथ रहने का संकल्प लिया है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सारी योग्यता है। वे ईमानदारी से विपक्ष को एकजुट करने में जुटे हैं।हम के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने बताया कि अमित शाह से जीतन राम मांझी की मुलाकात दिन के 11 बजे होगी। वे गृहमंत्री से मिलकर बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह, पर्वत पुरुष दशरथ मांझी और भूतपूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग रखेंगे। इस दौरान अमित शाह और जीतन राम मांझी के बीच चुनावी समीकरण और रणनीति पर भी बात हो सकती है।लोकसभा चुनाव 2024 जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, बिहार में सियासी गर्माहट बढ़ गई है। बिहार के नेताओं का दिल्ली दौरा शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की।उनके इस दौरे को लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकजुटता को मजबूत करने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने नेताओं से मिलकर भाजपा के खिलाफ




विपक्ष को एकजुट होने की अपील की है। इसके साथ ही बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी दिल्ली में हैं। सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी से मुलाकात कर उनकी बेटी को आशीर्वाद दिया। अमित शाह से जीतन राम मांझी बिहार के विभूतियों को भारत रत्न देने की मांग करेंगे। ऐसे में उन लोगों के बारे में जानते हैं-

## जननायक कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न की मांग

कर्पूरी ठाकुर बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे। कर्पूरी ठाकुर को गरीबों और दबे-कुचले वर्ग की आवाज कहा जाता था, इसलिए उन्हें जननायक कहा गया। जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी सीएम थे। 1967 में उन्होंने बिहार में अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म कर दिया।

## बरौनी रिफाइनरी, कृषि विश्वविद्यालय श्रीकृष्ण सिंह की सौगात

श्रीकृष्ण सिंह के योगदान को भूला नहीं जा सकता है। वे 1946-1961 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 15 साल के कार्यकाल में बिहार में उद्योग, कृषि, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, कला और सामाजिक क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किए। आजाद भारत की पहली रिफाइनरी- बरौनी ऑयल रिफाइनरी, आजाद भारत का पहला खाद कारखाना- सिन्दरी और बरौनी रासायनिक खाद कारखाना, एशिया का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग कारखाना- भारी उद्योग निगम (एचईसी) हटिया, गंगोत्री से गंगासागर के बीच प्रथम रेल सह सड़क पुल-राजेंद्र पुल, कोसी प्रोजेक्ट, पूसा और सबौर का एग्रीकल्चर कॉलेज बनवाने में श्रीकृष्ण का बड़ा योगदान है।

## दशरथ मांझी ने चीरा था पहाड़ का सीना

मांझी बिहार के नेताओं के लिए भारत रत्न की मांग करने दिल्ली गए हैं। वे पहाड़ का सीना चीरने वाले दशरथ मांझी के लिए भी भारत रत्न की मांग करेंगे। बता दें कि पत्नी की मौत के बाद गया के रहने वाले दशरथ मांझी ने अपने हाथों से पहाड़ काटकर रास्ता बनाया था। उन्होंने 22 साल में 25 फीट ऊंचा, 30 फीट चौड़ा और 360 मीटर लंबे पहाड़ को काटकर आम लोगों के लिए रास्ता बना दिया था। उनपर फिल्म मांझी द माउंटन मैन भी बन चुकी है।

## संपादकीय Editorial

# Not China, India's Arunachal

The border disputes between India and China are several decades old. India has given a befitting reply to China in Ladakh and Arunachal Pradesh. The armies of both the countries are deployed face to face in the region of Ladakh, so the situation of tension and war is natural. Border disputes have escalated since the 1962 war and have now become so complex that diplomatic and military dialogue alone are not the solution. The issue of Tibet also remains hot in Arunachal. China considers the entire area of Tibet as 'China', just as it has been accepting Taiwan as its occupation, but how can we accept the area of Arunachal which is under Indian sovereignty as 'China'? Of course, China may rename some areas and villages as 'Chinese', as it has done in the border areas of Indian states like Himachal and Uttarakhand, but sovereignty cannot be changed by naming.

Arunachal is an integral part of the Republic of India. It is a Lok Sabha constituency. The assembly has been formed according to the Indian law and constitution. Elections there have also been conducted according to the Indian Constitution and the Chief Minister comes under the constitutional purview of the Government of India and the President. The Government of India has been giving financial grants to Arunachal, according to its share in the budget and taxes. Special grants are also given to the North Eastern states.

If the country's Home Minister Amit Shah went on a visit to Arunachal and started the 'Vibrant Village Program' of the Government of India, then no boundaries have been crossed. Whenever the country's Defense Minister Rajnath Singh and other Union Ministers visited Arunachal, China was bewildered. Has also shouted and used threatening language. He has also objected on the basis of sovereignty. China is an encroachment, it is well known by the countries of the world whose sovereign territories are occupied by China. More or less, today China cannot grab even an inch of India's land. We cannot forget the compulsions of 1962, that's why dialogue continues on those controversies even today. If the adventurism of expansionism is made now, the Chinese troops will have to face aggressive and aggressive resistance. It has happened a few times that Indian soldiers have broken the backbone of Chinese soldiers, injured them by twisting their necks and beaten them with barbed, nail-studded sticks. Of course, in the Galvan Valley of eastern Ladakh, the Chinese army treacherously attacked our troop and 20 of our soldiers were 'martyred'.

Its immediate attack is felt by China till date and the world also knows how many casualties were caused by the Indian soldiers in the counterattack. Now India has learned to give a befitting reply to China's aggressive strategy. We have also made concrete roads, concrete bridges, strong airstrips and deep tunnels and this construction is going on continuously.

There are also preparations for the railway route. This is not the India of 1962, a country equipped with nuclear power and lethal weapons. China is the target of our missile attack. Lakhs of soldiers of India are well equipped and trained. Strong Air Force and Navy. China knows India's all-round capabilities, so it also continues the dialogue.

# Half of the population: Financial inclusion and women, a new and practical strategy will have to be made for self-reliance

Micro finance companies in India have built a relationship of trust with the poor, working class and rural women who were outside the banking system for a long time. This industry should now work on such a strategy, which makes vulnerable women self-reliant and responsible. The trend of providing microfinance to vulnerable groups of women without any collateral (an asset that the lender accepts as security for the loan) continues to feature prominently in economic news from India. New investments keep pouring in from both domestic and global sources in this area of micro finance. It is through these investments that dozens of India's micro finance companies (MFIs) ensure financial inclusion of marginalized groups, and which continues to be a lucrative venture for these companies. Till a decade back, India's micro finance sector was a media target. In Andhra Pradesh, for example, media outlets tried to put pressure on microfinance companies by citing violent debt collection methods and the resulting suicides of borrowers. But now the focus of the media in this matter is on other issues rather than the difficulties of the borrowers. Despite this, microfinance companies are still very important because of their focus on poor women. But do these companies provide women in need with the help and services they need? And why is it that an industry focused solely on shareholder returns keeps women from vulnerable groups out of India's financial ecosystem? In my recent book, which is the result of my decade-long research on India's commercial microfinance sector, I show that India's microfinance industry has not only missed its goal of bringing marginalized women into the mainstream of development Rather, microfinance companies' strategies rarely concern the needs of vulnerable women. On the contrary, the evidence of gender disparity in the day-to-day activities of this industry is evident from the work culture of their institutions to their interactions with the customers-borrowers.This industry employs poor women who have taken loans, but does not pay them wages. These women help these companies in debt recovery by forming groups and through personal information and labour. For example, in Bangalore I met a woman leader who claimed to be helping her neighbors. After talking to her and other women in her group in detail, it became clear that she uses her influence to create such a group of women in her community, which is in the interest of the small finance company. Such groups include poor women as well as relatively well-to-do women, including entrepreneurs, tenants, and housewives—all kinds of women. For the creditworthiness of micro finance companies, it is necessary that they form different types of groups. But till now the employees of these companies have failed to do so. As such, they seek the help of women who have influence in their community. The woman leader I was referring to, through love and coercion, united different categories of women and asked them to take a loan from a small finance company together, but in conversation she was claiming that this work was done by women. Do it for service. There is no doubt that behind such work that woman leader must have had her own interests, but it is certain that the company does not pay her any money for this work. The micro finance sector has a very positive image. It is believed that this industry does an important job of making women small entrepreneurs and self-reliant. But such women who take loans in India do not become entrepreneurs. Rather, they take small loans to pay school fees, necessary medical expenses and repay costly loans. Small finance companies benefit from this. While repaying the small loan, the borrower can take a bigger loan after one year, due to which the profits of the micro finance companies are also comparatively higher. In the work culture of small finance companies, women employees get less opportunities to advance as compared to male employees. A female employee told me that after a group of women took a loan, her eyesight ran out, so it was difficult for the other women to repay her loan along with theirs. In such a situation, the female employee broke open the door of the absconding leader's house and asked her to take out her belongings and sell them. Had she not said so, the report card of that female employee herself would have been spoiled because she had got the loan to that group. Women borrowers from micro finance companies are economically weak, but they are not necessarily poor. When a woman named Vijaya needed money for her hysterectomy, an influential woman in her community got her a loan from a small finance company. Vijaya was grateful to her acquaintance as well as to the company, because the interest she charged was less than that of her neighborhood moneylender. In this sense, the importance of micro finance companies is definitely high for women like Vijaya, but the irony is that women empowerment is never a part of the strategy of these companies which provide loans to women groups. Since a large number of these companies-Loans are given to the needy, in which the number of women groups is very high, in such a situation, they should work on such a strategy, which will make the weak women of the country self-reliant and responsible. There is no doubt that micro finance companies have built a relationship of trust with the poor, working class and rural women who were outside the banking system for long. Hence, it is high time that the industry also works towards empowering the large population of women in need.

# Community: Women connecting iron with life, mechanization is breaking the links of profit

Despite hard work, these women have no fixed daily income. Large scale mechanization has deprived them of profit. Agriculture is an important business of our country. The utility of tools for agriculture is self-evident. The blacksmiths provide these tools to the farmers. Blacksmiths have been forging tools by giving different shapes to iron metal since ancient times. But the community of Gadiya Lohars is still in the darkness of oblivion. He has been using scientific method along with traditional knowledge in his work, without ever going to school. The women of this community are also playing their part in taking forward this work on par with men. A village of Gadia Lohars in Parsoli village along the Ajmer-Jaipur highway in Rajasthan is living in abject poverty. Dali Gadiya Lohar, 60, from the same town, says, 'We don't know what a school looks like? We started working at the age of fifteen. We used to go from one village to another selling iron goods in a bullock cart with my parents.

Times have changed, but our circumstances have not changed. These blacksmiths were originally from Mewar and made weapons for the rulers. When Maharana Pratap lost his kingdom, the blacksmiths also vowed to live like nomads. To make a living, they made goods and sold them on bullock carts from village to village. Because of this bullock cart, he came to be known as Gadiya Lohar. In this community of blacksmiths, women play an important role in making metal tools. While the man heats the coals and strikes the iron, the women first fan the coals and then join the man to help shape the metal. It is hard work and very difficult process. These women learn this work from childhood. Apart from making goods, women also sell their products by going from village to village, fair after fair. They make tongs, sieves, dantlis (hand saws), axes, sickles and spades.

They buy iron and coal from the city to make goods. Most of them have nothing to do with education, but having settled in one place for the past decade, their children now go to a nearby government school. There are many dangers involved in their work. Not only do they have to sit for hours in front of a blazing fire, but there is also a high risk of injury while making tools. Despite hard work, these women have no fixed daily income. Large scale mechanization has deprived them of profit. Modern machine-made tools are now available, which are available at very cheap prices.

In such a situation, why would anyone buy the tools made by them? Now they sell locks, chains, kitchen knives, bells, spoons, mousetraps, etc., sitting on the roadside, which earns them very little profit. Kamla Gadia Lohar says, we buy goods worth Rs 20,000, but our total income is only Rs 2,000. In this era of inflation, what can be done by earning two to three thousand rupees a month! Same is the story of Santosh Gadia Lohar. She says, 'We earn only five to ten rupees from one item. We make some things ourselves, and buy some from the market to sell. Mechanization has affected our family business.

Fairs are important places for promotion of handicrafts, but it is not profitable for these blacksmiths. Pushkar fair has also not been profitable for them. The organizers of the fair charge them Rs 3,000 per foot as rent, then they do not get a permanent place in the fair. Rent has to be paid whether the goods are sold or not. The same story is of the second major fair of the region 'Urs Mela in Ajmer Sharif'. These hardworking women of the Gadia Lohar community are looking forward to the day when their products will once again become popular and sell at a good price. (Charkha Feature)

## पानी ठहरेगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां बताकर किया जागरूक




मुरादाबाद- हमने ये ठाना है, मलेरिया को मिटाना है। पानी ठहरेगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां। इस नारे के साथ माध्यम से गुरुवार को मलेरिया विभाग की टीम ने सदर कोतवाली और नगर निगम क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया। लोगों को शपथ दिलाई कि वह मलेरिया को मिटाने में पूरा सहयोग कर दूसरों को भी जागरूक करेंगे। जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव ने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस से पूर्व आम जनमानस में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में गोष्ठी आयोजित कर लोगों को मलेरिया के लक्षण, बचाव और उपाय के बारे में बताया गया। जिससे मलेरिया को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि सर्दी व कंपन के साथ बुखार, उल्टियां, सिर दर्द होना, बुखार उतरते समय बदन पसीना-पसीना होना, थकावट व कमजोरी महसूस होना मलेरिया के लक्षण हैं। ऐसा होने पर खून की जांच कराएं। जल भराव वाले स्थानों पर मिट्टी का तेल व जला हुआ मोविल आयल की कुछ मात्रा पानी में डाल दें। गोष्ठी के दौरान बताया गया कि अपने घर के आस-पास गड्ढे इत्यादि में पानी जमा न होने दें। रूके पानी में मच्छर पैदा होता है। हैंडपंप के आसपास पानी जमा न होने दें। गर्मियों में घरों में इस्तेमाल होने वाली पानी को सप्ताह में एक बार जरूर बदले तथा पानी की टंकी आदि को ढककर रखें। अपने आसपास कोई बुखार का रोगी है तो उसकी सूचना नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और रोग नियंत्रण कक्ष को दे सकते हैं। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी प्रदीप रावत, मलेरिया निरीक्षक शेखर गुप्ता, फील्ड वर्कर लखपत सिंह, विनय कुमार, मलेरिया विभाग सलाहकार शरद पाल आदि मौजूद रहे।

## कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में उतरे अधिवक्ता, नहीं किया कार्य



मुरादाबाद- कानपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के खिलाफ हाई कोर्ट द्वारा आरोप तय करने के बाद कई जिलों के अधिवक्ता एसोसिएशन कानपुर बार के समर्थन में उतर आए हैं।आपको बता दें कि कानपुर जनपद में वकीलों ने अदालत का बहिष्कार किया था,

जिसके कारण वहां के अधिवक्ताओं ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। जिसके बाद हाई कोर्ट ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों को तलब करते हुए उनके खिलाफ आरोप तय कर दिए थे। जिससे वकील समुदाय मे रोष व्याप्त हो गया। गुरुवार को मुरादाबाद बार एसोसिएशन के द्वारा गुरुवार को कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सैना ने बताया कि अधिवक्ताओं के खिलाफ जो निर्णय लिया गया है

वह गलत है इस निर्णय से अधिवक्ताओं को ठेस पहुंची है। महासचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि हड़ताल मे न केवल अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया बल्कि स्टाम्प विक्रेता, टाइपिस्ट और नोटरी वकील ने भी किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया। इससे हम सबकी एकता दिखाई देती है। वकीलों की इस हड़ताल के कारण वादकारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हड़ताल के दौरान अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक मार्च निकाल कर अपना विरोध जताया। अधिवक्ताओं के इस मार्च में बार उपाध्यक्ष सुनील कुमार सक्सैना, पारुल अग्रवाल, खलील अहमद, विनीत भटनागर, मुन्नी देवी, कबीर खालिद, विशाल भारद्वाज, उस्मान अली, जितेन्द्र प्रताप सिंह, अंकित टंडन, प्रमोद प्रत्येकी त्रिलोक चंद दिवाकर, सुरेश सिंह अन्य वकील मौजूद रहे।

## जयंती पर छात्रों ने बनाया डॉ. भीमराव आंबेडकर का भव्य चित्र




मुरादाबाद- चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में गुरुवार को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाई गई और उनके बताए गए विचारों को मानने का संकल्प लिया। साथ ही छात्रों ने पेपर कोलाज की सहायता से डॉ. भीमराव अंबेडकर का एक भव्य चित्र बनाया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीर सिंह ने सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर डॉ. नवनीत गोस्वामी, कैप्टन शिवकुमार, राजीव कुमार पाठक, पवन पाल, जसवंत सिंह, रविंद्र सिंह, डॉक्टर विशेष शर्मा, राकेश वर्मा, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सब्जी खरीदने गई महिला ने ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान

मुरादाबाद-कटघर के गुलाबबाड़ी रेलवे फाटक के पास एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि ट्रेन आने पर महिला ने छलांग लगा दी थी। पर्स में मिले मोबाइल से उसकी पहचान सरिता के रूप में हुई है। कटघर थाना प्रभारी राजेश सोलंकी ने बताया कि 52 वर्षीय महिला सरिता पत्नी कृष्णा वर्मा बिजनौर जनपद के नूरपुर निवासी थी। कटघर के बरवालान में उसका मायका है। करीब तीस साल पहले उसकी शादी नूरपुर निवासी कृष्णा वर्मा के साथ हुई थी। एक बेटा आयुष वर्मा है। महिला के भाई सुनील वर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर भांजे आयुष ने फोन कर बताया कि अभी उसके मोबाइल पर कटघर थाने से पुलिस कर्मी की कॉल आई है। महिला के पर्स से मोबाइल और बिजनौर से मुरादाबाद का रोडवेज की बस का टिकट मिला है। पुलिस कर्मियों ने मृतका का फोटो आयुष के नंबर पर व्हाट्सएप किया। आयुष ने फोटो देखकर मृतका की पहचान अपनी मां के रूप में की है। इसके बाद सुनील वर्मा मौके पर पहुंच गए। बिजनौर के नूरपुर से परिजन आ गए। महिला बुधवार सुबह घर से सब्जी खरीदने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## महिला सेल्समैन से दुष्कर्म का वीडियो वायरल, मेडिकल स्टोर संचालक समेत तीन पर रिपोर्ट



मुरादाबाद- महानगर निवासी युवती से कांठ कस्बे में दुष्कर्म का वीडियो वायरल होने पर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है। नागफनी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने एसएसपी को तहरीर दी। बताया कि वह एक दवा कंपनी में सेल्समैन थी। नौ नवंबर 2022 को युवती दवा की खेप लेकर कांठ पहुंची। वहां महिला सेल्समैन ने एवन मेडिकल स्टोर के संचालक शाहिद से मुलाकात की। तब दुकान पर शाहिद के दोस्त अमान व आमिर भी मौजूद थे। बातचीत में मेडिकल स्टोर संचालक ने महिला सेल्समैन को चाय पिलाई। इससे वह बेसुध हो गई। कुछ देर बाद उसे होश आया तो वह मेडिकल स्टोर की छत पर दवा के गोदाम में मौजूद थी। मोबाइल कैमरा से तीनों आरोपी उसका वीडियो बना रहे थे। इस दौरान शाहिद ने महिला सेल्समैन के साथ दुष्कर्म भी किया। अमान व आमिर दुष्कर्म में अपने दोस्त की मदद कर रहे थे। इसके बाद तीनों आरोपियों ने पीड़िता को चुप रहने की धमकी दी। कहा कि यदि मामला पुलिस तक पहुंचा, तो वह अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। तीनों आरोपियों ने पीड़िता को कई माह तक ब्लैकमेल किया। अब वीडियो वायरल होने पर एसएसपी के आदेश पर कांठ थाने के सीओ गणेश कुमार गुप्ता ने घटना की जांच की। जांच में आरोप सही मिलने पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीओ ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ हो रही है।

## मुरादाबाद कचहरी परिसर से सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक भाग गया था आदित्य राणा


मुरादाबाद-बिजनौर जनपद में मुठभेड़ में ढेर किया गया ढाई लाख रुपये का इनाम आदित्य राणा मुरादाबाद कचहरी परिसर से भी एक बार फरार गया था। सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर वह साथियों के भाग निकला था। बिजनौर जनपद के राना नंगला निवासी आदित्य सिंह ने 22 जून 2014 को मुरादाबाद के सिविल लाइंस में डॉ. जहांगीर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके अलावा सिविल लाइंस क्षेत्र में आदित्य ने अपने साथियों के साथ लूटपाट की घटनाएं भी की थीं। तीन अगस्त 2017 को उसे पेशी पर मुरादाबाद कचहरी में लाया गया था। इसी दौरान उसने सिपाही से टॉयलेट जाने का बहाना बनाया था। आदित्य दीवार के पास खड़ा हो गया। सिपाही ने एक हाथ से हथकड़ी पकड़ रखी थी। इसी दौरान उसने अपनी जेब से मिर्च पाउडर निकाला और सिपाही की आंखों में झोंक कर हथकड़ी समेत फरार हो गया था। आदित्य की फरारी में शामिल मुजफ्फर नगर के बदमाश विवेक उर्फ वीरू को पुलिस गिरफ्तार किया था। उसने पुलिस पूछताछ में खुलासा था कि वह जेल में सुपारी लेने के बाद बिजनौर में एक हत्या करने के लिए फरार हुआ था। फरारी के दौरान आदित्य ने बिजनौर के हल्दौर थाना क्षेत्र में अम्हेड़ा में ओमराज की गोली मारकर की हत्या की थी। कुछ दिन वह बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र के गोहली में इरशाद के घर छुपा था। तब एसओजी दबिश दी तो वह गोलियां बरसाता हुआ अपने साथी विशाल और रोहित के साथ फरार हो गया था। चौदह नवंबर 2017 को उसने अपने ही गांव निवासी मुकेश नाम के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसे शक था कि मुकेश उसकी मुखबिरी कर रहा है। बिजनौर और मुरादाबाद की पुलिस को चकमा देते हुए उसने धामपुर, नगीना, मंडावली और नूर थानाक्षेत्र में लूट की कई घटनाएं की थीं। पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश में जुटी थी। इसी दौरान दस जनवरी 2018 को उसने अपने साथी रोहित के साथ बिजनौर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

### मुरादाबाद से ही रखा था अपराध की दुनिया में कदम

मुरादाबाद। आदित्य राणा अपने साथियों के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के दौरान ही उसने और उसके साथियों ने लूटपाट की घटनाएं करना शुरू कर दी थी। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सिविल लाइंस में डॉ. जहांगीर की हत्या की थी।

## टिकट न होने पर बच्ची को ट्रेन से उतारा, टीटीई निलंबित, रेल मदद पर ट्वीट करने के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय

मुरादाबाद-टीटीई ने जुर्माना नहीं देने पर उतारा- ड्यूटी पर तैनात टीटीई धनंजय कुमार ने सात साल की बच्ची का जुर्माना समेत टिकट बनाने को कहा। युवक ने कहा कि उसके पास टिकट बनाने के लिए रुपये नहीं है, टीटीई ने जुर्माना नहीं देने पर सुनील व उसकी बहन को बरेली स्टेशन पर उतार दिया। ट्वीट कर रेल मदद पर सुनील के पिता ने शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा कि टीटीई ने बेटा व बेटी को टिकट होने के बाद भी बरेली में उतार दिया है। दोनों बच्चे खो गए हैं




### रेल अधिकारियों ने की छानबीन

इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने छानबीन की। पता चला कि बरेली के किसी टीटीई ने अपने मोबाइल से युवक के पिता से वार्ता कराई थी और जनरल टिकट दिलाकर दोनों को पटना जाने वाली ट्रेन से रवाना कराया दिया था।

सीनियर डीसीएम ने आरोपित टीटीई को मंगलवार को डीआरएम आफिस बुलाया। टीटीई ने बच्ची को उतारते समय मानवता नहीं दिखाई। इसके लिए आरोपित टीटीई धनंजय कुमार को निलंबित कर दिया है। शाम को युवक व बच्ची घर पहुंच गए हैं। -सुधीर सिंह, सीनियर डीसीएम, मुरादाबाद रेल मंडल

सुपरफास्ट ट्रेन से बिना टिकट चलने के आरोप में सात साल की बच्ची को बरेली में ट्रेन से उतार दिया गया था। रेल मदद पर ट्वीट होने के बाद मंडल रेल प्रशासन सक्रिय हुआ। जांच के बाद सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने आरोपित टीटीई धनंजय कुमार को निलंबित कर दिया है। नई दिल्ली से न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस में नई दिल्ली से खगड़िया जाने के लिए सुनील कुमार वेटिंग का टिकट लेकर स्लीपर कोच में सवार हो गया था। साथ में सात साल की बहन भी थी, जिसके पास टिकट नहीं था।

## कर बकाया पर सपा नेता के समधी के मकान पर नगर निगम की टीम ने लगाई थी सील

मुरादाबाद-आजम खां के करीबी सपा नेता यूसुफ मलिक के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में 26 मार्च 2022 को अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि राजस्व वसूली अभियान के तहत बकायेदारों से जुर्माना वसूला जा रहा था। कटघर थाना क्षेत्र में सपा नेता के समधी जमाल के आवास पर जुर्माना जमा न करने पर सील लगा दी गई थी। विरोध में सपा नेता यूसुफ मलिक कुछ साथियों के साथ नगर निगम के पीलीकोठी स्थित दफ्तर में पहुंच गया था। आरोप है कि उसने महिला अधिकारी के साथ अभद्रता की थी। इसके बाद अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह को कॉल करके धमकी दी थी। पुलिस ने इस मामले में यूसुफ मलिक, उसके भाई यूनुस मलिक, आसिफ और आरिफ को आरोपी बनाया था। कटघर थाने में दर्ज दूसरे मुकदमे में सपा नेता के समधी जमाल, दामाद दानियाल और बेटी को आरोपी बनाया गया था। रामपुर की कोर्ट में यूसुफ मलिक ने आत्मसमर्पण किया था। सिविल लाइंस थाने में सपा नेता यूसुफ मलिक, यूनुस मलिक, दामाद दनियाल, समधी जमाल, आसिफ, तारिक के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के यूसुफ मलिक और उसके भाइयों की संपत्ति कुर्क की थी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# असद अहमद का एनकाउंटर: अखिलेश यादव ने ट्वीट कर योगी सरकार पर उठाए सवाल, मायावती की मांग- उच्चस्तरीय जांच हो




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने असद अहमद के एनकाउंटर पर ट्वीट कर योगी सरकार को घेरा है और कहा कि उन्हें कोर्ट पर भरोसा नहीं है। सभी फर्जी एनकाउंटरों की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, मायावती ने मांग की है कि पूरी घटना की उच्चस्तरीय जांच हो। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आज के व हालिया एनकाउंटरों की गहन जांच-पड़ताल हो और दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फैसले का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा भाईचारे के खिलाफ है। वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने ट्वीट किया कि प्रयागराज के अतीक अहमद के बेटे व एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेकों प्रकार की चर्चाएं गर्म हैं। लोगों को लगता है कि विकास दुबे काण्ड के दोहराए जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है। अतः घटना के पूरे तथ्य व सच्चाई जनता के सामने आ सके इसके लिए उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है। झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आजके व हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जाँच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फ़ैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है।प्रयागराज के अतीक अहमद के बेटे व एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेकों प्रकार की चर्चायें गर्म हैं। लोगों को लगता है कि विकास दुबे काण्ड के दोहराए जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है। अतः घटना के पूरे तथ्य व सच्चाई जनता के सामने आ सके इसके लिए उच्च-स्तरीय जाँच जरूरी। अखिलेश यादव का ये ट्वीट तब आया है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी असद अहमद व गुलाम पर यूपीएसटीएफ की कार्रवाई की तारीफ की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर यूपी विधानसभा में दिया गया उनका बयान कि %माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे... सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सास का बेटा पत्रिका का विमोचन



क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा।समाज की कुरीतियों और बुराइयों पर व्यंग दिव्यांग, अनाथ बालकों की दुर्दशा पर बेबाक टिप्पणी,सास का बेटा' पत्रिका का विमोचन लेखिका मधु चतुर्वेदी की लघु कहानी संकलन का विमोचन-समीक्षा कार्यक्रम साहित्य संस्था द्वारा आयोजित की गई। जिस के मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद एवं हिंदी जगत के सशक्त हस्ताक्षर, प्रो.( डॉ ) एन.एल. शर्मा रहे। उनहोंने अपने संबोधन में समीक्षा करते हुए कहा कि इस आधुनिक युग की रूढ़िवादी कुरीतियों, अशिक्षित समाज उनके दुषपरिणामों पर कड़ा प्रहार बताया। सभी लघु कथाएं अत्यंत मौलिक दिलों को छूने वाली तथा हृदयस्पर्शी हैं। उनके पात्र समाज के हर कोने में टहलते हुए मिल जाएंगे जैसे रेलवे स्टेशन हो या मॉल के बाहर के फुटपाथ या कोई अनाथालय अथवा सरकारी अस्पताल सभी में कहानियों के पात्र चाहे वह किरदार 'कुंती बुआ', श्यामल फूफा, 'देव' समिधा समिधि कथा यू -टर्न कोरोना त्रासदी का भयाभय, चित्रण है, जो बकौल प्रो. वसीम के इस शेर से करीब जुड़ा हुआ लगता है। ''आँखों से सामने से वा मंज़र ना जायेगा, वो देखना पढ़ेगा जो देखा ना जायेगा''। लेखिका के कुछ संवाद पाठकों को गुदगुदाते भी है ।और सोचने को मजबूर भी करते हैं, जैसे- ''नौकर मैने अपने को समझा नहीं, मालिक मैं हो नहीं सकती, मैं तो खुद पैसों की खातिर देहदान को तैयार थी परन्तु अंगदान में कुछ ज्यादा गुजाईश की संभावना है। लघु कथाओं में 'सास का बेटा', 'देहदान', इस कुवारीं से...., जूता, हृदय स्पर्शी के साथ-साथ समाज पर तीखे व्यंग भी हैं। कुल मिलाकर कहानी लेखिका अपनी पूरी छाप पाठकों पर छोड़ जाती है। क्योंकि उनकी पृष्ठ भूमि झांसी के राष्ट्रीय कवि स्व. मैथली शरण गुप्त और स्व. व्रदावनलाल वर्मा की नगरी का पुठ विद्यमान है। समारोह में नगर में प्रतिष्ठित लेखकों, समालोचकों में डॉ. इंद्रदेव त्रिवेदी, डॉ. आर के सिंह, डॉ. आदर्श शर्मा, सहित कई साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की सजीव प्रतिमा बनाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी



क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-रिठौरा।राजश्री कालेज में अध्ययनरत चावढ़ मुंडिया की एम0 एससी0की छात्रा पूजा भारती हालांकि वह विज्ञान वर्ग की छात्रा है। लेकिन उसे बचपन से ही कला से अति लगाव है।और वह लगातार कलाकृतियां उकेरती रहती है।

भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा साहब की सजीव प्रतिमा बनाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।मनोहर भूषण इण्टर कॉलेज में कार्यरत पिता लिपिक सत्य प्रकाश गौतम एवं गृहणी माता शकुन्तला देवी सदैव अपनी बेटी को उसकी शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए देश एवं समाज की सेवा का पाठ सिखाते हैं। राजश्री कालेज के रजिस्ट्रार दुष्यंत महेश्वरी, एडवोकेट जसवीर सिंह राणा,शिक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता,राज यादव आदि ने पूजा की बेहतर कला कृति को लेकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छानबे विधानसभा सीट: उपचुनाव के लिए नामांकन शुरू, पहले दिन किसी भी नहीं दाखिल किया पर्चा



मिर्जापुर जिले के छानबे विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रत्याशी 20 अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मिर्जापुर जिले के छानबे विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन सात संभावित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिया। एक भी नामांकन पर्चा दाखिल नहीं हुआ। दिन भर अधिकारी कक्ष में बैठकर प्रत्याशियों की प्रतीक्षा करते रहे। छानबे विधानसभा सीट से विधायक रहे राहुल प्रकाश कोल के निधन हो जाने के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। ऐसे में सीट रिक्त हो जाने के बाद उपचुनाव हो रहा है। अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व के न्यायालय में नामांकन कक्ष बनाया गया है। एसडीएम लालगंज भरत लाल सरोज को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

## इन्होंने लिया नामांकन पत्र

गुरुवार को निर्दल भीमराव ने नामांकन पत्र लिया। उसके बाद समाजवादी पार्टी की कीर्ति के नाम से रमाकांत यादव ने नामांकन पत्र लिया। इसके बाद निर्दल सर्वेश जे कन्नौजिया के नाम से रजनीश कुमार त्रिपाठी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अजय कुमार के नाम से चंद्रमोहन प्रसाद ने नामांकन पत्र लिया। इसी प्रकार भारतीय मानव समाज पार्टी के जितेंद्र कुमार के नाम से जितेंद्र कुमार, अपना दल की रिंकी के नाम से कुलदीप पटेल तथा आजाद समाज पार्टी कांशीराम के संदीप कुमार के नाम से संदीप कुमार ने नामांकन पत्र लिया।

## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

मिर्जापुर कलेक्ट्रेट परिसर का गुरुवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने निरीक्षण किया। नामांकन कक्ष में मौजूद लोगों से पूछताछ की। उसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर होते हुए मुख्य द्वार तक गईं। वहां उपस्थित पुलिस कर्मियों से उन्होंने व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। पहले टीबी अस्पताल तिराहा से ही बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन रोकने की बात थी । बैरिकेडिंग तो की गई, लेकिन आवागमन जारी रहा। टीबी अस्पताल तिराहा व दूसरी ओर रमईपट्टी तिराहा की ओर से कलेक्ट्रेट आने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई है, ताकि किसी आकस्मिक स्थिति में आवागमन रोका जा सके। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवप्रताप शुक्ल व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# 36 घंटे में तीन बड़े इनामी ढेर, पश्चिम से प्रयागराज तक खौफ खत्म, इनकी दहशत से कांपते थे लोग





उत्तर प्रदेश में ताबड़तोड़ एनकाउंटर हो रहे हैं। जहां बिजनौर में बीती मंगलवार की देर रात करीब ढाई बजे पुलिस ने कुख्यात अपराधी आदित्य राणा को मुठभेड़ में ढेर किया तो वहीं गुरुवार यानी आज दिन में करीब दो बजे यूपी एसटीएफ की टीम ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और उसके साथी गुलाम को मार गिराया। बता दें कि कुख्यात अपराधी आदित्य राणा पर ढाई लाख का इनाम है। आदित्य राणा ने साल 2013 में पहली बार हत्या कर जरायम की दुनिया में कदम रखा, इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## आदित्य राणा ने लगातार की थीं तीन हत्याएं

कुख्यात अपराधी आदित्य राणा क्षेत्र में एक के बाद एक लगातार तीन हत्या कर सुर्खियों में आया था। गांव में अपने ही पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों को एक साल में मौत के घाट उतारने के बाद आदित्य जिले की पुलिस के लिए सिर दर्द बन गया था।अलग पहचान बनाने की होड़ में बढ़ाया था ऑपराधिक रिकॉर्ड

आदित्य राणा पुत्र राजपाल सिंह ने अपराध की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने की दौड़ में एक के बाद एक अपराध कर अपने ऑपराधिक रिकॉर्ड में बढ़ोतरी की थी। अपराध की दुनिया में सबसे पहला कदम आदित्य राणा ने 11 दिसंबर 2013 में अपने साथी के कहने पर क्षेत्र के गांव कासमाबाद निवासी युवक धर्मवीर की हत्या कर रखा था। आदित्य स्योहारा क्षेत्र में सुर्खियों तब आया जब पुलिस मुखबिर के शक में 14 अक्तूबर 2017 को मुकेश पुत्र नत्थू सिंह की गांव के पास ही गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## 2018 में किया था कोर्ट में सरेंडर

घटना के बाद पुलिस ने आदित्य को काफी तलाश किया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देता रहा। उसने 10 जनवरी 2018 को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। मृतक मुकेश के परिजन अभी मुकेश हत्याकांड को भुला भी नहीं पाए थे कि आदित्य ने मुकेश हत्याकांड की पैरवी कर रहे उसके छोटे भाई राकेश की 27 सितंबर 2018 की शाम को गांव से मात्र तीन सौ मीटर दूरी पर स्थित गांव बेरखेड़ा में ताबड़तोड़ गोली बरसा कर हत्या कर दी थी। राकेश की पत्नी ममतेश की तहरीर पर आदित्य सहित सात लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अब तक उस पर 43 मुकदमे दर्ज थे। लेकिन उसकी मौत के बाद भी उस पर आखिरी मुकदमा पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमले का दर्ज किया गया।

## बिजनौर समेत कई जिलों में था आदित्य का खौफ

